Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 26-07-2005

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

>

Title: Need to accord approval to the proposal of the Government of Uttar Pradesh for implementation of Ravine Development Scheme in the State.

श्री राजनारायण बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश में बीहड़ योजना के अंतर्गत आगरा, औरेया, इटावा, फिरोजाबाद, बांदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन तथा झाँसी जनपदों के बीहड़ क्षेत्रों में 4900 हेक्टेयर भूमि एवं जल संरक्षण संबंधी कार्य में रू0 12.11 करोड़ की लागत से चलायी जाने वाली परियोजना सचिव, वाह्य सहायतित परियोजना विभाग को पत्र संख्या 189 (3)/14.5.2002-52/2001, दिनांक 26.12.2002 को प्रेषित की गयी थी। नोडल कमेटी के अनुमोदन के पश्चात निदेशक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को सचिव, वाह्य सहायतित परियोजना विभाग, उ0प्र0 द्वारा पंत्राकः 144/72-इ.ए.पी.डी./2003, दिनांक 18.2.2003 से भेजा गया। विभाग द्वारा भी भारत सरकार को अपनी संस्तुति पत्रांकः 294/14.5.2003-52/2001, दिनांक 03-03-2002 द्वारा अग्रेतर कार्यवाही करने के लिए भेजा गया। अंतिम अनुस्मारक पत्र संख्याः 104/14-5-52/2001, दिनांक 12.01.2005 भेजा गया है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश में उक्त जनपदों हेतु बीहड़ सुधार योजना के लिए 4900 हेक्टेयर भूमि एवं जल संरक्षण संबंधी कार्यो हेतु 12.11/- करोड़ रूपए अविलम्ब जारी करने के आदेश देने का कट करें।